कार्यक्रम के लाभ :

- वित्तीय एवं प्रबंधकीय कौशल का ज्ञान
- व्यवसाय को पेशेवर रूप में संभालने के लिए अपेक्षित कौशल का विकास
- भारत सरकार, भारतीय रिज़र्व बैंक आदि की प्रमुख नई पहलों के बारे में जागरुकता का प्रसार
- बैंक के एमएसएमई ऋण उत्पादों, क्रेडिट रेटिंग एवं जोखिम प्रबंधन के महत्व की बेहतर समझ

कार्यक्रम शुल्क :

- मेसर्स पूर्णता एंड कंपनी को बैंक द्वारा प्रति प्रतिभागी रु. 5000/- के कार्यक्रम शुल्क का भुगतान किया जा रहा है। तथापि, इंडियन बैंक द्वारा यह व्यवसाय परामर्श कार्यक्रम निम्नानुसार रियायती दर पर पेश किया जा रहा है:
  - अजा/अजजा/महिला से इतर उद्यमी: रु. 2000/- + 18% जीएसटी अर्थात – रु. 2360/- (इंडियन बैंक के ग्राहक)
  - अजा/अजजा/महिला उद्यमी : नि:शुल्क

प्रमाण पत्र

- ऑनलाइन प्रशिक्षण के सफल समापन पर समस्त प्रतिभागियों को इंडियन बैंक, मेसर्स पूर्णता एंड कंपनी और एमएडीई (मिशिगन एकेडमी फॉर डेवलपिंग एंट्रेप्रेन्योर्स) द्वारा संयुक्त रूप से जारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

कॉरपोरेट कार्यालय :

254-260, अव्वै षणमुगम सालै,रॉयपेट्टा, चेन्नै - 600014.

वेबसाइट: www.indianbank.in

ग्राहक सेवा नं.: 1800 425 00 000 1800 572 20 00

हमारा अनुसरण करें :

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD

एमएसएमई प्रेरणा

(एमएसएमई हेतु बिजनेस मेंटरिंग प्रोग्राम)

जनभाषा में ऑनलाइन कार्यशाला

सहयोग

poornatha

पृष्ठभूमि:

एमएसएमई क्षेत्र देश के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 30% और समग्र निर्यात का 40% योगदान देने वाला विकास इंजन है जो संपूर्ण देश में लगभग 120 मिलियन लोगों को रोजगार प्रदान करता है।

यह क्षेत्र हमेशा संवेदनशील रहा है और वर्तमान परिदृश्य में उत्पादन, वितरण समय-सीमा, भुगतान एवं प्राप्तियों में व्यवधान से यह सबसे बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जिससे इनकी भावी गतिविधियां और पुनर्भुगतान क्षमता प्रभावित हुई हैं। वर्तमान संकट से एमएसएमई को उबारने हेतु उन्हें वित्तीय प्रोत्साहन और नीतिगत पैकेज प्रदान करने के लिए भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा सक्रिय कदम उठाए गए हैं।

इंडियन बैंक उन पहले बैंकों में से एक है जिन्होंने कार्यशील पूँजी मूल्यांकन के साथ ही साथ कोविड 19 ऋण दिया है। आत्मनिर्भर पैकेज के तहत विभिन्न योजनाओं के शुभारंभ में बैंक ने सक्रिय भूमिका निभाई है। वित्तीय सहायता प्रदान के अतिरिक्त, वर्तमान चुनौतियों का सामना करने के लिए एमएसएमई उद्यमियों को व्यावसायिक कौशल से लैश करने के लिए अब इंडियन बैंक ने सहयोगपूर्ण कौशल निर्माण कार्यक्रम की शुरुआत की है।

कार्यक्रम का उद्देश्य : बेहतर समझ हेतु जनभाषा में शिक्षण

क) मंत्रालय/भारतीय रिज़र्व बैंक एवं बैंकों द्वारा किए गए उपायों के संबंध में एमएसएमई को शिक्षित किया जाना।

ख) एमएसएमई यूनिट के प्रबंधन के वित्तीय एवं प्रबंधकीय पहलुओं संबंधी संकल्पनाओं की बेहतर समझ।

ग) सम्यक सावधानी, ऋण मूल्यांकन, अनुपालन एवं जोखिम न्यूनीकरण के अवधरणाओं की समझ।

घ) व्यवसाय के पेशेवर संचालन हेतु अपेक्षित अनिवार्य कौशल के साथ एमएसएमई को तैयार करना।

poornatha

पूर्णता एंड कं. मदुरै स्थित एक उद्यमिता विकास संगठन है। उद्यमिता विकास एवं प्रशिक्षण में पूर्णता की यात्रा की शुरुआत उद्यमियों के पहले समूह हेतुनेतृत्व समुन्नयन कार्यक्रम "जर्नी इन जॉय" से हुई। यह उभरती अर्थव्यवस्थाओं में उद्यमिता विकास हेतु अमेरिका की एक अलाभकारी संस्था एमएडीई – मिशिगन एकेडमी फॉर डेवलपिंग एंट्रेप्रेन्योर्स (MADE–Michigan Academy for Developing Entrepreneurs) से सहबद्ध एवं संबद्ध है।

कार्यक्रम की विषय-वस्तु :

यह कार्यक्रम निम्नानुसार प्रबंधकीय, वित्तीय तथा बैंकिंग विषयक क्षेत्रों पर केंद्रित है:

(I) प्रबंधकीय:

1. मानव संसाधन एवं नेतृत्व संबंधी सुसंगठित निर्णय के उपकरण
2. आत्मविश्वास निर्माण एवं संप्रेषण कौशल उन्नयन
3. परिवर्तनशीलता, अनिश्चितता, जटिलता एवंअस्पष्टताके माहौल में अपने अस्तित्व को बनाए रखने तथा संकट से उबरने की क्षमता का विकास

(II) वित्तीय :

1. तुलन-पत्र, नकदी प्रवाह प्रबंधन, वित्तीय लेन-देन लेखांकन के बुनियादी कारकों की समझ

(III) बैंकिंग संबंधी:

1. भारत सरकार/भा.रि.बैंक/ बैंकों की विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं संबंधी जागरुकता
2. विभिन्न ऋण सुविधाएं और उनका मूल्यांकन, क्रेडिट रेटिंग का महत्व
3. उद्यमी मित्र, जीएसटी/टीआरईडीएस/ 59मिनट में पीएसबी ऋण आदि विभिन्न पोर्टल में पंजीकरण

अवधि :

- वेबेक्स/एमएस टीम्स के माध्यम से 1 घंटे 15 मिनट की ऑनलाइन कक्षाओं के 12 सत्र

प्रशिक्षण कार्यविधि :

- केस स्टडी सहित, पोल्स, ब्रेक आउट रूम्स एवं अन्य टूल्स के माध्यम से ऑनलाइन वेब आधारित इंटरैक्टिव सत्र
- प्रबंधकीय एवं वित्तीय कौशल संबंधी सत्र मेसर्स पूर्णता एंड कं. के संबंधित व्यक्ति द्वारा लिए जाएंगे। बैंकिंग विषयक सत्र इंडियन बैंक के संकाय द्वारा लिए जाएंगे।